नशे से दूर रहने के प्रति लोगों को जागरूक करने वाले विद्यार्थी को कलेक्टर, एसपी ने किया सम्मानित

नव भारत न्यूज

पांढुरना,30जुलाई, मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए गए नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पांढुरना के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न माध्यमों से लोगों को नशे से दूर रहने पिछले 15 दिनों से जारी जागरूकता अभियान को देख गुरुवार को इस अभियान के समापन अवसर पर नगर के इंदिरा मंगल कार्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह मे जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ तथा जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाशचंद्र परिहार द्वारा इन सभी छात्रों को सम्माननित किया गया ।

गौरतलब हो कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई 26 तक चालाए गए विशेष अभियान के तहत प्रदेशवासियों को नशे से दूर रहने जागरूकता अभियान चलाया था । इसी के तहत नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों ने समाज तथा विशेष कर युवाओं एवं विद्यार्थियों में बढ़ते नशे के दुष्ट प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य चलाए गए इस अभियान में जन जागृति के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से-नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, विभिन्न प्रतियोगिताएं रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, स्लोगन, निबंध, भाषण आदि के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

इस अभियान के समापन अवसर पर गुरुवार 30 जुलाई 2026 को जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाशचंद्र परिहार के हस्ते नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं जिसमें कुमारी नंदिनी कुमरे, चेतना बालपांडे, मयूरी कठाने, टीना डाबरे, अलवीरा परवीन काजी, मृणाली घोड़े, काजल वंजारी, मानसी बाकरे, मीनक्षी ढोमने,विशाखा विश्वकर्मा, यात्रिका राऊत, वैष्णवी उईके,वनिता बांद्रे, मृणाली घाटोडे, नंदिनी ढोके,सोनम गिरारे, नन्दनी गोरे,रेशमा बोरीवार,साक्षी भादे,हेमपुष्प भांगे, श्याम दलवी,हेमराज कोकोड कामेश भादे इन सभी को छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद, एस डी पी बृजेश भार्गव, एसडीएम अलका एक्का,आदि विभाग के प्रमुख अधिकारी, कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

इस कार्यक्रम के समापन के पहले गणमान्य नागरिको, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीयों तथा महाविद्यालयों एवं स्कूलों के उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की सामुहिक शपथ भी दिलाई गई।

एक नजर में

डां .तुकाराम वानोड़े वरिष्ठ नागरिक पेशर्नस संगठन के जबलपुर संभागीय उपाध्यक्ष मनोनीत

नवभारत न्यूज, तिगांव,30 जुलाई, वरिष्ठ नागरिक पेशर्नस एसोसिएशन पांढुरना जिला शाखा के संरक्षक डां .तुकाराम वानोड़े को जबलपुर संभाग कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोनित करने पर इन्हें बधाई देंने वाला का ताता लगा हुआ है। मध्य प्रदेश वरिष्ठ नागरिक पेशर्नस एसोसिएशन संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष अधिवक्ता राजकुमार दुबे द्वारा संगठन की बनाई गई नई कार्यकारिणी में पांढुरना वरिष्ठ नागरिक पेशर्नस एसोसिएशन के संरक्षक डां .तुकाराम वानोड़े को जबलपुर संभाग के प्रांतीय संगठन में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर सर्वेश्री भीमराव वालके,जनकलाल मोरे,रत्नाकर कामड़े,तानबाजी बांरगे, शेखर लव्हाले,सुखदेव क्षीरसागर,रमेश महाले,भाऊराव लव्हाले,केशवराव गांवड़े,प्रल्हाद बेले,तानाजी पवार,आदि द्वारा श्री वानोड़े के इस मनोनयन पर बधाई दी है ।

नशा मुक्ति अभियान एवं सर्पदंश जागरूकता अभियान संपन्न

छिंदवाड़ा/ जुन्नारदेव। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 नशा मुक्त भारत अभियान तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सर्पदंश जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। जिसमें सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति के कमल सजनिया द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों को बताया गया कि सर्पदंश होने पर पीड़ित को बिना देरी किए तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की झाड़-फूंक, दंश वाले स्थान को काटना या कसकर बांधना नहीं चाहिए। यदि पीड़ित को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो उसकी जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

छात्र-छात्राओं को यह भी समझाया कि रात के समय बाहर निकलते समय हमेशा टॉर्च एवं लकड़ी साथ रखें तथा बरसात के मौसम में विशेष सतर्कता बरतें। शासन द्वारा इस जनहित अभियान को प्राथमिकता देते हुए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में शाला की शिक्षिका सविता बागड़े, श्रीमती मधुलता शर्मा, नरेंद्र बागड़े तथा स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति से कमल सजनिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 3 शिक्षक एवं 75 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशा मुक्ति एवं सर्पदंश से बचाव संबंधी जानकारी अपने परिवार और आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं, ताकि समाज अधिक जागरूक और सुरक्षित बन सके।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में गुरु पूर्णिमा पर हुआ त्रिवेणी समागम गुरु वंदन

छिंदवाड़ा। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर छिंदवाड़ा स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग में एक गरिमामय एवं बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीचंद के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

जामसांवली धाम से श्रद्धालुओं की सुगम व सुरक्षित वापसी, सौंसर स्टेशन पर रेलवे और मंदिर संस्थान की रही उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ

नवभारत न्यूज

सौंसर 30 जुलाई - गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक), जामसांवली धाम में दर्शन-पूजन के लिए उमड़े जनसैलाब की सुरक्षित और सुगम वापसी को लेकर रेलवे प्रशासन एवं मंदिर संस्थान द्वारा सौंसर स्टेशन पर चाक-चौबंद इंतजाम किए गए। मंगलवार से शुरू हुआ श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला गुरुवार सुबह वापसी के साथ संपन्न हुआ। स्टेशन पर भारी भीड़ के बावजूद दोनों प्रशासनों के बेहतर समन्वय से आवागमन पूरी तरह सुचारु एवं सुरक्षित रहा।

वरिष्ठ अधिकारियों और पदाधिकारियों का रहा सराहनीय योगदान-

श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में हनुमान लोक संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव टीकाराम कारोकर, पूर्वRUCC सदस्य विजय धवले, अतिरिक्त मंडल वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार, वाणिज्य निरीक्षक सुजीत कुमार, स्टेशन प्रबंधक के .पी . यादव तथा RPF निरीक्षक जय सिंह सहित रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और RPF जवानों की मुख्य भूमिका रही।

ऐसी रही प्रमुख व्यवस्थाएँ एवं सेवाएँ-

मंदिर संस्थान द्वारा सौंसर रेलवे स्टेशन से जामसांवली धाम तक और वापसी के लिए निरंतर नि:शुल्क बसें चलाई गईं, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को राहत मिली। इसके अलावा भीड़ को देखते हुए स्टेशन पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, TS-सह-PRS काउंटरU, ATVM मशीनें और मोबाइल टैब के जरिए टिकट बांटे गए, जिससे श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति मिली। इसी तरह सुरक्षा को लेकर RPF जवानों ने प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज और प्रवेश द्वारों पर मुस्तैदी से भीड़ को नियंत्रित कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित ट्रेनों में बैठाया। साथ ही प्रबंधन ने स्टेशन परिसर में स्वच्छ पेयजल, शौचालयों की उपलब्धता और निरंतर सफाई की विशेष व्यवस्था की।

सौसर उपखंड न्यायालय में सुनवाई के समय में बदलाव

अब सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को दोपहर 2 बजे से होगी पेशी

नवभारत न्यूज

सौसर 30 जुलाई, न्यायालय उपखंड अधिकारी एवं दण्डाधिकारी सौसर ने प्रकरणों की सुनवाई के समय में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ पटेल द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार अब सौसर न्यायालय में मामलों की सुनवाई व पेशी प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं गुरुवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

सुनवाई की व्यवस्था व क्रम

जारी सूचना के अनुसार, निर्धारित दिनों में प्रकरणों की सुनवाई का क्रम निम्नलिखित रहेगा जिसमें प्रथम चरण- सबसे पहले अभिलेख दुरुस्ती से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इसी तरह द्वितीय चरण में न्यायालय में सूचीबद्ध अन्य समस्त प्रकरणों की सुनवाई नियमानुसार संपन्न होगी। उपखंड अधिकारी ने सभी अधिवक्तागण एवं पक्षकारों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए निर्धारित दिवस एवं समय पर अनिवार्य रूप से न्यायालय में उपस्थित रहें।

अब गोवंश तस्करों की खैर नहीं,पुलिस ने आज फिर एक और पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पुलिस की सख्त कार्यवाही तथा जुलूस निकालकर जेल भेजने से पशु तस्करों में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,30जुलाई, अब गोवंश तस्करों की खैर नहीं जिला पुलिस अधिक्षक प्रकाशचंद्र परिहार के निर्देश पर पुलिस द्वारा गोवंश तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाहीं करने अभियान प्रारंभ कर दिया है,बुधवार को शिव सेना जिला प्रमुख के पुत्र भूषण इंगोले का पुलिस ने जूलुस निकालकर उसे जेला भेजा,वहीं गुरूवार को भी पुलिस ने महाराष्ट्र के अमरावती के 9 माह से फरार गोवंश पशु तस्कर को पकड़ इसका भी पैदल जूलुस निकाला

न्यायालय में लाया जहां से उसे जिला जेल भेजा गया,पुलिस की इस कार्यवाहीं से अब गोवंश तस्करों में हडकंप सा मचा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगरीय सीमा से लगे ग्राम तिगांव मोही के बीच नवंबर 2025 को पीकअप वाहन में गोवंश लादकर महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रहा युवक पुलिस को आता देख उस समय मवेशियों के वाहन को सडक़ किनारे ही छोडक़र फरार हो गया था,उसी समय से पुलिस इसकी सरगर्मी से तलाश कर रहीं थी,बीते रात्रि यह युवक फिर से क्षेत्र से गोवंश को महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाने ग्राम तिगांव के पास आने की मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर गुरूवार के तडक़े लगभग 5 बजे इसे पशु तस्कर को ग्राम तिगांव के पास गिरफ्तार किया,युवक का नाम अब्दुल अलफाज पिता अब्दुल अजीज बताया जा रहा है जो महाराष्ट्र के अमरावती के लालखेडी का निवासी है।

पुलिस ने इस युवक का गुरूवार शाम 4 बजे पुलिस थाने से न्यायालय तक पैदल जुलूस निकालकर न्यायालय में पेश किया जहां इसकी जमानत निरस्त होने पर इसे जिला जेल भेजा गया।

गुरु पूर्णिमा पर भाजपा का समरसता संकल्प, विभिन्न धार्मिक स्थलों पर किया दीप प्रज्वलन

छिंदवाड़ा/ जुन्नारदेव। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जुन्नारदेव द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर के संत शिरोमणि रविदास मंदिर, श्रीराम मंदिर, श्री गायत्री मंदिर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक तथा पंडित दीनदयाल पार्क सहित विभिन्न धार्मिक एवं प्रेरणा स्थलों पर दीप प्रज्वलित कर संत गुरु रविदास जी के समरसता, समानता, सामाजिक सद्भाव और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने समाज मे सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

न्यायालय तहसीलदार पांढूर्णा, जिला-पांढूर्णा (म.प्र.)

//इश्तेहार//

रा.प्र.क्रं./0446/अ-6/2026-27

मौजा:-टेमनी साहनी प.ह.नं. 69

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दिलीप पिता पुसाराम रबडे निवासी टेमनी साहनी तहसील पांढुरना, जिला पांढुर्णा (म.प्र.) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मौजा टेमनी साहनी प.ह.नं 69 राजस्व निरीक्षक मंडल पांढूर्णा तहसील पांढूर्णा में स्थित भूमि खसरा नंबर 177/1, 178, 179/1, 180/1 रकबा 0.110, 0.065, 1. 295, 0.028 हेक्टर भूमि के खातेदार फुशा पेता महादेव निवासी टेमनी साहनी तहसील पांढुरना, जिला पांढुर्णा (म.प्र.) के दिनांक 25.06.2024 को फौत होने से फौत खातेदार का नाम विलोपित किया जाकर मृतक के मौजूदा विधिक वारसान शान्ती विधवा फुशा, दिलीप पिता फुशा का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव मौजा टेमनी साहनी प.ह.नं 69 राजस्व निरीक्षक मंडल पांढूर्णा तहसील पांढूर्णा में स्थित भूमि खसरा नंबर 177/1, 178, 179/1, 180/1 रकबा 0.110, 0.065, 1. 295, 0.028 हेक्टर भूमि के खातेदार फुशा पिता महादेव निवासी टेमनी साहनी तहसील पांढुरना, जिला पांढुर्णा (म.प्र.) के दिनांक 25.06.2024 को फौत होने से फौत खातेदार का नाम विलोपित किया जाकर मृतक के मौजूदा विधिक वारसान शान्ती विधवा फुशा, दिलीप पिता फुशा का नामांतरण जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी तारिख 06.08.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावे /आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

जारी दिनांक :- 30.07.2026

नियत दिनांक:- 06.08.2026

तहसीलदार
पांढुरना

जिले के एकमात्र यूनिवर्सल गर्ल्स कॉलेज में मनाया गुरू पौर्णिमा पर्व

नव भारत न्यूज पांढुरना,30जुलाई,

नगर जिला मुख्यालय के जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय यूनिवर्सल गर्ल्स कॉलेज में गुरु पूर्णिमा का पर्व बडे ही भक्तिभाव तथा आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि सांदीपनी गुरु पर्व एवं व्यास पूजा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत माँ सरस्वती एवं माँ भारती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अपने उदबोधन में उन्होंने महर्षि सांदीपनि एवं भगवान श्री कृष्ण के गुरु -शिष्य जीवन पर विस्तार से जानकारी उपस्थित दी। कार्यक्रम में महर्षि वेद व्यास के जीवन के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर महाविद्यालय की लगभग सभी छात्राओं के साथ स्टॉफ उपस्थित था।

सतर्कता : बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि

पेड़ के नीचे ठहरना हो सकता है खतरनाक, आसपास के इमारत में आश्रय लें नागरिक

नव भारत न्यूज

पांढुरना,30जुलाई, वर्षा काल में बिजली गिरने से मरने की घटनाएं होती हैं. आकाशीय बिजली किसी पर न गिरे, इसके लिए नागरिकों को सावधानी बरतनी होगी. अगर सावधानी बरती गई तो आकाशीय बिजली गिरने पर मरने वाले लोगों की संख्या में काफी हद तक कमी आएगी. ऐसी जानकारी जिला आपदा प्रबंधन कक्ष की ओर से दी गई है.पांढुरना जिले में जंगलीय क्षेत्र ज्यादा है. इस वजह से जिले में बिजली गिरने की घटनाओं का ग्राफ भी ज्यादा है.

कई लोग हो चुके हैं मौत के शिकार : कुछ लोग घूमड़ते बादल तथा आकाशीय बिजली की कड़क को सुनने के बाद भी घर से बाहर निकलते हैं और कड़कती आकाशीय बिजली से होने वाली घटना से पूरी तरह से अनभिज्ञ रहते हैं और जब आकाशीय बिजली गिरती है तो उस वक्त बचाव के लिए उचित स्थान न मिलने की वजह से यह समाचार सुनने को मिलता है कि आकाशीय बिजली गिरने से कई लोग मौत के शिकार हो गए. जिला आपदा प्रबंधन कक्ष की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चमकते समय संभवत: छोटी पहाड़ी, अकेले वृक्ष, ऊंचे स्थान पर कहीं न रूके, ऐसी करने पर आकाशीय बिजली का शिकार होने की आशंका ज्यादा बढ़ जाती है. आपदा प्रबंधन कक्ष ने बताया है कि वर्षाकाल में आकाशीय बिजली का शिकार होने से बचने के लिए कोई भी जगह पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है, फिर भी बंद घर, चार पहिया वाहन, ट्रक, बस, कार ये वाहन बहुत ही सुरक्षित माने जाते हैं.

ऊंचे स्थानों पर अधिक गिरती है बिजली

बिजली हमेशा सबसे ऊंचे स्थान से नीचे गिरती है. वृक्ष जितना ऊंचा होता है, खतरा उतना ही ज्यादा होता है. इस वजह से जब बिजली की कड़क के साथ वर्षा हो रही हो तो वृक्ष के नीचे न रूके. अगर आपके आसपास के किसी व्यक्ति पर बिजली गिरी तो उसका तुरंत प्राथमिक उपचार किया जाए. अगर सांस लेने की प्रक्रिया रुकी हुई तो उस व्यक्ति के मुंह पर मुंह रखकर उसे कृत्रिम सांस दी जाए. इस वजह से उस व्यक्ति की सांस लेने की प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रहने में मदद मिलेगी. इसी तरह अगर मेघ गर्जना हो रही हो और घर से बाहर हो तो तुरंत कहीं रुक जाएं, ऐसे समय किसी इमारत के नीचे रुकना सबसे ज्यादा सुरक्षित रहता है.

बारिश के दौरान घर से निकलना टालें

अगर आसपास कोई इमारत न हो तो गड्ढे या किसी निचले क्षेत्र में आश्रय लेना अच्छा रहेगा. ऊंचे वृक्ष अपनी ओर बिजली को आकर्षित करते हैं, इसलिए वृक्ष के नीचे ठहरना सबसे ज्यादा खतरनाक है. आसपास अगर ऊंचे ही वृक्ष हों तो जमीन पर बैठे रहें. वर्षा का वातावरण बनने की स्थिति में घर से बाहर निकलना टालें, बिजली का चमकना शुरु होने की स्थिति में बिजली संयंत्रों से दूर रहें. अगर मेघ गर्जना के वक्त बाल खड़े हों या पैरों में झुनझुनी आ रही हो तो आप पर बिजली गिरने की आशंका रहती है, अगर ऐसा हो रहा हो तो तुरंत जमीन पर घुटने के पास गर्दन करके बैठने पर बिजली गिरने की आशंका दूर हो जाती है.

HSBC MUTUAL FUND

NOTICE

NOTICE is hereby given to all the Investor(s)/ Unit holder(s) of HSBC Mutual Fund ("the Fund") that in accordance with Regulation 54 and 56 of Securities and Exchange Board of India (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with para 5.4.5 of SEBI Master Circular dated June 27, 2024, the Annual Report and the Abridged Annual Report of all schemes of the Fund for the year ended March 31, 2026, have been hosted on the Fund's website at www.assetmanagement.hsbc.com/in and on AMFI's website at www.amfiindia.com.

Investors/ Unit holders can also submit a request for a physical or electronic copy of the scheme wise annual report or abridged summary thereof through following modes:

Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in
Call: Toll free number(s) - 1800-4190-200/ 1800-200-2434 or +91 44 39923900 (Investors calling from abroad) between Monday to Saturday (9:00 AM to 6:00 PM)

Additionally, Unit holders may also contact Investor Service Centres.

Further, Unit holders are encouraged to register their email id with us for receiving periodic updates on emails.

For & on behalf of **HSBC Asset Management (India) Private Limited**
(Investment Manager to HSBC Mutual Fund)

Sd/-
Authorised Signatory
Mumbai, July 30, 2026

HSBC Asset Management

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

HSBC Asset Management (India) Private Limited, 9-11 Floors, NESCO IT Park, Building no. 3, Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai – 400 063, India.
Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in, Website: www.assetmanagement.hsbc.co.in
Customer Service Number - 1800 200 2434/ 1800 4190 200
Issued by HSBC Asset Management (India) Private Limited
CIN-U74140MH2001PTC134220